2017

HINDI

(Major)

Paper : 5.4

(Hindi ka Ekanki Sahitya)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) लक्ष्मीनारायण लाल द्वारा विरचित पठित एकांकी का नाम लिखिए।

(ख) सुमित्रानंदन पंत का जन्म कहाँ हुआ था?

(ग) धर्मवीर भारती का जन्म कब हुआ था?

(घ) 'बादल की मृत्यु' का एकांकीकार कौन है?

(ङ) 'समरेखा-विषमरेखा' एकांकी में कुल कितने दृश्य हैं?

(च) 'चारुमित्रा' एकांकी में चित्रित द्वाररक्षक का नाम क्या है?

(छ) "अभिमन्यु-वध भी क्या वीरोचित था?" यह कथन किस एकांकी में आया है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) "'यह स्वतंत्रता का युग' नारी की स्वतंत्रता पर एक पैना व्यंग्य है।" आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) रंजन कौन था? वह रेवा के घर में क्यों आया था?

(ग) "मैं पागल हो जाऊँगी इस पड़ोस में। यह सारे नये धुले कपड़े! इतनी धुलाई-सिलाई, वे सब क्या जानें।" संदर्भ बताइए।

(घ) "आप कैसी बातें करती हैं। लाइए, कपड़े लाइए। मैं दादाजी के कपड़े धोने जा रही हूँ, साथ ही आपके भी फटक लाऊँ।" प्रस्तुत कथन किसने, किससे और क्यों कहा है?

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) धर्मवीर भारती **अथवा** सुमित्रानंदन पंत की साहित्यिक देन पर चर्चा कीजिए।

(ख) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के आधार पर 'बैकबोन' के प्रतीकार्थ को स्पष्ट कीजिए।

(ग) "दादाजी, आप पेड़ से किसी डाली का टूटकर अलग होना पसंद नहीं करते, पर क्या आप यह चाहेंगे कि पेड़ से लगी-लगी वह डाल सूखकर मुरझा जाये...।" 'सूखी डाली' एकांकी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(घ) "मोस्ट ब्यूटीफुल, हर तरफ से ठीक, खूबसूरत।" संदर्भ स्पष्ट कीजिए।

(ङ) "तुम पश्चात्ताप की बात पूछने आये थे न? मेरे मन में कोई पश्चात्ताप नहीं है। मैंने कोई भूल नहीं की। मैंने भय से तुम्हारी शरण नहीं माँगी।" यह कथन किसने, किससे और किस स्थिति में व्यक्त किया है?

4. एकांकी की परिभाषा देते हुए उसके प्रमुख तत्त्वों पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

"'समरेखा-विषमरेखा' एकांकी में पारिवारिक जीवन के यथार्थ को मनोवैज्ञानिक ढंग से प्रस्तुत किया गया है।" इस कथन की सत्यता पर सम्यक् विचार कीजिए।

5. "चारुमित्रा की स्वामीभक्ति, त्याग और समर्पण ही 'चारुमित्रा' एकांकी की मूल कथा रही है।" सतर्क पुष्टि कीजिए। 10

अथवा

एकांकी-कला की दृष्टि से 'महाभारत की एक साँझ' एकांकी की समीक्षा कीजिए।

6. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

बताया तो था तुम्हें। बाप सेर है तो लड़का सवा सेर। बी० एस० सी० के बाद लखनऊ में ही तो पढ़ता है, मेडिकल कॉलेज में। कहता है कि शादी का सवाल दूसरा है, तालीम का दूसरा।

अथवा

खूब जानते हैं हमारी पोजीशन। जिस दिन तुमने मुझे यहाँ ला बसा दिया, उसी वक्त हमारी पोजीशन जाहिर हो गयी। सारी आदतें बच्चों की खराब हो गयीं। गंदगी-पसंद हो गये बच्चे।

★★★